# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अगस्त 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल द्वारा निगम भिलाई में निशुल्क स्मार्ट फोन प्रदाय करने हेतु लगे शिविर का निरीक्षण किया

भिलाईनगर/ राज्य सरकार की संचार क्रांति योजना के तहत् निशुल्क स्मार्ट फोन वितरण किये जाने के संबंध में ई-पावती प्रदाय करने हेतु नगर पालिक निगम, भिलाई के सभी 70 वार्डों में शिविर का अयोजन किया गया। दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल के द्वारा जोन क्र. 01 नेहरू नगर, खम्हरिया एवं जोन क्र. 02 वैशाली नगर के सांस्कृतिक भवन में लगे शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, जोन के आयुक्त एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। आज जिलाधीश महोदय के द्वारा निगम भिलाई के पात्र हितग्राहियों के लिए लगे शिविर स्थल में पहुॅच कर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से ई-पावती के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। निगम आयुक्त श्री चौहान ने संचार क्रांति योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निगम क्षेत्र के सभी जोन के अन्तर्गत कुल 36929 स्मार्ट फोन का वितरण निशुल्क किया जाना है। श्री चौहान ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि निशुल्क स्मार्ट फोन वितरण हेतु कुल 08 वितरण केन्द्र बनाया गया है। स्मार्ट फोन प्राप्त करने हेतु निगम कर्मचारियों के द्वारा हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज जमा करने के संबंध में ई-पावती प्रदाय करते हुए जानकारी दी जा रही है।



**डेंगू प्रभावित क्षेत्र वार्ड 36 गौतम नगर में स्वास्थ्य शिविर, कीटनाशक दवाई का छिड़काव, विशेष सफाई अभियान का राजस्व मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डे ने निरीक्षण किया ।**

भिलाईनगर/ डेंगू प्रभावित क्षेत्र वार्ड क्रमांक 36 गौतम नगर में नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला चिकित्सालय दुर्ग, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य केन्द्र महिला एवं बाल विकास दुर्ग के संयुक्त टीम के द्वारा डेंगू नियंत्रण शिविर का आयोजन एवं विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में माननीय श्री प्रेमप्रकाश पाण्डे मंत्री छ.ग. शासन के द्वारा वार्ड में पहुॅच कर शिविर का जायजा लेते हुए सफाई व्यवस्था से अवगत हुए। डेंगू बीमारी के बचाव हेतु नागरिकों से अपील करते हुए श्री पाण्डे ने कहा कि घर के कुलर में गंदा पानी का जमाव न होने दे, पानी उबाल कर पीये, घर के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखे, आपके वार्डो में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। जहां शासकीय चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है। मोहल्ले में 55 सफाई कर्मचारी के द्वारा सफाई की गई। निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया साथ ही वार्ड के नाली-नाला की सफाई करते हुए दवाई का छिड़काव किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु मैलाथियान दवाई का फार्गिंग मशीन के द्वारा धुॅआ, कीटनाशक दवाई का छिड़काव के कार्य के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर क्लोरिन टेबेलट का वितरण करते हुए बीमारी से बचाव के उपाय हेतु अपील की गई।



# निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर डेंगू के रोकथाम हेतु जन जागरुकता रैली का आयोजन

**भिलाईनगर/** निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम केन्द्र के सभी स्वास्थ्य केन्द्र के सीएमओ, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं निगम के अधिकारियों की बीती देर रात बैठक लेकर निगम क्षेत्र में डेंगू बिमारी के उपाय हेतु रुप रेखा तैयार की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 21 वार्डों में डेंगू, मलेरिया, बुखार की शिकायत प्राप्त होने के संबंध में निगम आयुक्त श्री चौहान को जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाये गये कार्यक्रम से अवगत कराया। निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम सभागार में निगम के अधीक्षण अभियंता, समस्त जोन के आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सभी विभाग प्रमुख, स्वच्छता निरीक्षक, सहायक राजस्व अधिकारी, प्रभारी शिक्षा अधिकारी, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की बैठक लेकर संभावित 21 वार्डों में डेंगू की बिमारी, मलेरिया की रोकथाम के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई, तथा उक्त वार्डों हेतु नियमित सफाई कर्मचारियों के अलावा द्वितीय पाली हेतु 1000 अतिरिक्त श्रमिक, 30 ट्रेक्टर एवं अन्य आवश्यक सभी संसाधन के साथ वार्डवार कर्मचारियों के आदेश प्रसारित करते हुए 4 से 5वार्डों के लिए एक अतिरिक्त नोडल अधिकारी संलग्न किया गया है।



# नगरीय प्रशासन एवं विकास के संचालक श्री निरंजन दास का डेंगू प्रभावित वार्डों का निरक्षण

**भिलाईनगर/** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव एवं संचालक श्री निरंजन दास ने कहा कि जिला प्रशासन, नगर निगम, बीएसपी प्रबध्ंान एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संयुक्त रुप से आपसी सामंजस्य बनाकर भिलाई क्षेत्र में डेंगू के प्रभाव के रोकथाम के लिए कार्य सुनिश्चत करें तथा डेंगू प्रभावित क्षेत्र में नियंत्रण हेतु किये जा रहे समस्त कार्य की जानकारी शासन को प्रतिदिन प्रेषित करें। उन्होने आगे कहा डेंगू जैसे गंभीर बिमारी के बचाव हेतु शासन के द्वारा पुरी सहयोग प्रदान की जावेगी तथा अन्य आवश्यक उपाय किये जाने हेतु निगम आयुक्त को निर्देश दिये। आज प्रातः से ही संचालक श्री निरंजन दास, राज्य शहरी विकास अभिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिनव अग्रवाल एवं निगम भिलाई आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, निगम सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव के साथ डेंगू प्रभावित वार्डों में किये जा रहे कार्यों, एवं स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया श्री दास के द्वारा मृतक के पिता श्री अनिल साकरे के घर पहुंचकर भेंट की तथा मृतक बच्ची कुमारी मिमांशा के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



# वार्ड-28.29 32 एवं 36 डेंगू प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण जिला कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया।

भिलाईनगर/ दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल के द्वारा आज डेंगू प्रभावित क्षेत्र जोन- 4 खुर्सीपार के विभिन्न वार्डों 28.29 32 एवं 36 का दौरा किया गया। निरक्षण के दौरान मुख्य रूप से छावनी, गौतम नगर, राजीव नगर ,न्यू खुर्सीपार के वार्ड का भ्रमण करते हुए डेंगू बीमारी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के कार्य प्रगति से अवगत हुए। स्कुल,शासकीय भवन, निगम के सार्वजानिक खाली प्लाट, समस्त अस्पताल, आंगनबाड़ी, निर्माणाधीन स्थलों के आसपास, दवाई का छिड़काव, स्वास्थ्य शिविर नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं के द्वारा घर-घर जाकर के जन जागरूकता रैली, कूलर से पानी निकालने का कार्य सहित अन्य बीमारी के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपाय का निरीक्षण किया गया।




नगर पालिक निगम भिलाई

## कमिश्नर श्री के0एल0 चौहान की पहल भिलाई के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में उतरा मोर रायुपर क्लब

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के मार्गदर्शन में सामाजिक उत्तरदायित्व को पुरा करने आज मोर रायपुर क्लब की टीम डेंगू नियंत्रण अभियान लेकर भिलाई पहंुची। 40 सदस्यीय यह अभियान दल भिलाई के छावनी और शंकर नगर के बस्तियों में पहुंचा जो डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित है। दल के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक, रोड शो और घर-घर संपर्क कर डेंगू के बचाव के तरीके बताएं और क्षेत्रवासियों को स्वच्छता व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा। मोर रायपुर क्लब के सदस्य रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय से सुबह 8 बजे रवाना हुए और भिलाई जोन क्रमांक 04 के प्रभावित क्षेत्रों पर पहुंची। इस टीम में शामिल शासकीय नर्सिंग कालेज, गुरुकुल कालेज, दुर्गा कालेज, संस्था कुछ फर्म हमारा भी है, रायपुर आटोमेशन के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी, लिमिटेड जनसम्पर्क विभाग की पुरी टीम शामिल थी। क्लब के सदस्यों ने छावनी, आंगनबाड़ी केन्द्र, जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं से मिलकर डेंगू से बचाव के तरीके बताये।



## आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा डेंगू प्रभावित विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया

**लाईनगर/** निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा डेंगू प्रभावित विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया इस बिमारी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान का सुक्ष्म रुप से निरीक्षण किया गया। देर रात निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम सभागार में इस अभियान से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। तथा आज की गई कार्यवाही से अवगत होते हुए डेगू बिमारी के उन्मूलन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 से 22अगस्त तक 99264 कूलर खाली कराये गये एवं 6220 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 66332 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 4122 स्थानों एवं 332 स्कूल, 284आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 370638 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 147390 पाम्पलेट का वितरण किया गया। विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2082 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है।



**कमिश्नर श्री के0एल0 चौहान की पहल भिलाई के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में उतरा मोर रायपुर क्लब**

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के मार्गदर्शन में सामाजिक उत्तरदायित्व को पुरा करने आज मोर रायपुर क्लब की टीम डेंगू नियंत्रण अभियान लेकर भिलाई पहंुची। 40 सदस्यीय यह अभियान दल भिलाई के छावनी और शंकर नगर के बस्तियों में पहुंचा जो डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित है। घर-घर संपर्क कर डेंगू के बचाव के तरीके बताएं और क्षेत्रवासियों को स्वच्छता व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा। मोर रायपुर क्लब के सदस्य रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय से सुबह 8 बजे रवाना हुए और भिलाई जोन क्रमांक 04 के प्रभावित क्षेत्रों पर पहुंची। इस टीम में शामिल शासकीय नर्सिंग कालेज, गुरुकुल कालेज, दुर्गा कालेज, संस्था कुछ फर्म हमारा भी है, रायपुर आटोमेशन के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी, लिमिटेड जनसम्पर्क विभाग की पुरी टीम शामिल थी।




**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई